भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 628
09 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सर्वाइकल कैंसर हेतु वैक्सिन

628. श्रीमती रंजनबेन भट्ट:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के विभिन्न भागों में सर्वाइकल कैंसर हेतु वैक्सिन के निर्माण का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन ने ह्यूमन पेपीलोमा वायरस टाइप 6,11,16 और 18 के कारण होने वाली बीमारी से बचाव के लिए मैसर्स सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्रा.लि., पुणे को क्वाड्रीवालेंट ह्यूमन पेपीलोमा वायरस (सेरोटाइप 6,11,16 और 18) वैक्सीन (रिकोम्बिनेंट) क्यूएचपीवी) के विनिर्माण और विपणन के लिए अनुमति दी है।

******